हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

11 संघर्ष समिति ने पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



12 हेम नगर और खन्ना कालोनी में सीवर ओवरफ्लो से राहत



## खबर संक्षेप

### गांव अगवानपुर में सगे भाइयों व मां पर हमला

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर में दो सगे भाइयों व उनकी मां पर गांव के ही कुछ युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर हथियारों व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मनीष कुमार की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में मनीष ने बताया कि वह बुधवार शाम अपने सीएससी सेंटर से लौटकर घर पहुंचा था। जैसे ही वह बाइक खड़ी कर दरवाजा बंद करने बाहर आया तो सोनिया ने उसे रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी। मनीष ने तुरंत अपनी मां को बुलाया, जिसके बाद सोनिया ने उन्हें भी अपशब्द कहे। आरोप है कि इसके बाद सोनिया के इशारे पर कौशल, गौरव, राहुल और 5-10 अन्य युवकों ने मनीष, उसके भाई विरेंद्र व मां पर ईंटों, डंडों और हथियारों से हमला कर उन्हें घायल दिया।

### छिनौली के खेत में लगी सोलर मोटर चोरी

**खरखौदा।** छिनौली गांव के किसान बिजेंद्र की खेत में लगी सोलर मोटर चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि मोटर सब्सिडी पर लगवाई गई थी, 29 अप्रैल की शाम मोटर खेत में थी, लेकिन 30 अप्रैल की सुबह जब वह खेत में पहुंचा तो मोटर गायब मिली। बिजेंद्र का कहना है कि अपने स्तर पर उसने मोटर आसपास तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर उसने पुलिस को शिकायत दी।

### जमीनी विवाद के चलते किया जानलेवा हमला

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में जमीनी विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। शिकायत में पांची जाटान गांव की पूनम ने बताया कि 19 अप्रैल की रात को उसके पति मनजीत के साथ गांव के बलवान ने झगड़ा किया और उस झगड़े के दौरान उसे जान से मारने की कोशिश की। झगड़े में उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अब रोहतक पीजीआई में चल रहा है। आरोप है कि इससे पहले भी बलवान उसके पति को दो बार मारने की कोशिश कर चुका है। आरोपित बलवान ने उसके साथ भी जमीन को ले कर 7 साल पहले झगड़ा किया था।

### चोरी के दस कट्टे गेहूं सहित दो गिरफ्तार

**गोहाना।** सदर थाना गोहाना की पुलिस ने दो आरोपितों को दस कट्टे चोरीशुदा गेहूं के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव सैनीपुरा निवासी पवन उर्फ बंटी पुत्र भूप सिंह और गांव महमूदपुर निवासी विक्की पुत्र उमेद सिंह हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 28 अप्रैल गांव चिड़ाना निवासी रोहताश पुत्र प्रेम सिंह ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी। रोहताश मुंडलाना गेंहू मंडी मे आढ़त का काम करता है। उसके किसान फिलिंग स्टेशन चिड़ाना में गेहूं के करीब 2 हजार कट्टे रखे हुए थे। रात के समय किसी ने गेहूं के 50 कट्टे चोरी कर लिए।

### लैब से सामान चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** सदर थाना गोहाना की पुलिस ने राजकीय विद्यालय की कम्पयूटर लैब का ताला तोड़ कर बैट्री व अन्य सामान चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपितों को प्रोडक्शन पर लेकर किया गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जिला रोहतक के गांव लाखन माजरा निवासी रोहित पुत्र सूरजमल व पवन पुत्र दीपक हैं। 2024 की रात को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामड़ी की लैब में चोरी की गई थी। चोर 8 बैटरी, 15 ड्राई बैटरी व एक प्रोजेक्टर चोरी कर लिया। उसी रात को चोरों ने गांव शामड़ी में ही राजकीय पाठशाला में सेंध लगाकर एक गैस सिलेंडर और बर्तनों की पेटी चुरा लिए थे।

### खरखौदा में सोनीपत रोड अवैध रूप से चल रही थी फैक्ट्री, कार्रवाई

# जींस रंगाई करने वाली फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग का छापा, नाले में छोड़ रहे थे केमिकल वाला पानी

- हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने की जांच तो मिली खामियां
- फैक्ट्री में ईटीपी की व्यवस्था नहीं थी
- कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा रहा रंगीन पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** वह स्थल जहां की जा रही थी जींस की रंगाई। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट होटल के पीछे संचालित अवैध जींस रंगाई फैक्टरी पर वीरवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते (सीएम फ्लाइंग) और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने छापा डाला। जांच में पता लगा कि फैक्टरी बिना किसी वैध अनुमति के चलाई जा रही थी और वहां से रसायन युक्त पानी बिना शुद्धिकरण के सीधे नाले में छोड़ा जा रहा था, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ आसपास की कृषि भूमि व फसलों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

वीरवार को मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की टीम अपने साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के फील्ड ऑफिसर अनिल कुमार को लेकर फैक्टरी में पहुंची। पता लगा था कि फैक्टरी लंबे समय से चल रही है। टीम ने छापा डालने के दौरान पाया कि फैक्टरी में इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) जैसी कोई व्यवस्था नहीं थी। भारी मात्रा में हानिकारक केमिकल युक्त पानी फैक्टरी से सीधे बहाकर खुले में छोड़ा जा रहा था। टीम ने फैक्टरी में प्रयोग किए जा रहे रंगों, रसायनों और पानी के बहाव की विधियों का विस्तृत निरीक्षण किया और मौके से नमूने एकत्र किए। इन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। कार्रवाई के समय फैक्टरी संचालक मौके पर नहीं था। वहां श्रमिक और मैनेजर मिला। जब अधिकारियों ने फैक्टरी चलाने के दस्तावेज मांगे, तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाए।

एक्शन

### संचालक को नोटिस तीन दिन में देना होगा जवाब

इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के फील्ड अधिकारी अनिल कुमार ने संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। टीम ने अवगत कराया कि फैक्टरी के संचालन के लिए बोर्ड से कोई स्वीकृति या लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया था, जो स्पष्ट रूप से प्रदूषण नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अवैध उद्योग न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालते हैं। इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी छापेमारी जारी रहेगी।

# लूट की साजिश रचने के आरोपित मैनेजर पर गबन का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- नरेला रोड पर फिलिंग स्टेशन पर 28 अप्रैल को हुई थी लूट

नरेला-राठधना रोड स्थित फिलिंग स्टेशन पर लूट का मामला झूठा मिलने के बाद अब मैनेजर पर गबन का भी आरोप लगा है। फिलिंग स्टेशन संचालक ने सेक्टर-27 थाना में शिकायत दी है कि 12 वर्ष से कार्यरत मैनेजर ने लूट की झूठी कहानी गढ़ने के साथ गबन भी किया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फिलिंग स्टेशन संचालक दिल्ली के कंझावला निवासी अमित डबास ने बताया कि नरेला रोड पर राठधना मोड़ के पास उनकी बहन किरण के नाम पर उनका किरण फिलिंग स्टेशन है। फिलिंग स्टेशन पर मूलरूप से गांव जौली हॉल बंदेपुर निवासी विनोद मैनेजर था। विनोद 28 अप्रैल को पेट्रोल पंप का कैश 8 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा कराने को निकला था। कुछ समय बाद उन्हें सूचना मिली थी कि विनोद से कैश लूट लिया गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे थे, जहां पुलिस पहले से मौजूद थी। विनोद ने बताया था कार सवार चाकू की नोक पर नकदी लूट ले गए। जांच में मामला संदिग्ध मिला था। सीसीटीवी फुटेज में भी कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले। बाद में पुलिस ने विनोद को गिरफ्तार कर लूट के झूठे मामले से पर्दा उठाया।

#### 3.40 लाख का हिसाब नहीं

अमित डबास का आरोप है कि उन्हें विनोद पर संदेह हुआ और उन्होंने पेट्रोल पंप का हिसाब जांचना शुरू किया। जांच में सामने आया कि प्रवीण ट्रांसपोर्ट कंपनी, जिसकी गाड़ियां नियमित रूप से वहां से ईंधन भरवाती हैं, उसी दिन मैनेजर विनोद को 3.40 लाख रुपये नकद देकर गई थी। उसका कोई हिसाब नहीं मिला। आरोपी उनका भरोसा जीतकर गड़बड़ी कर रहा था।

# अवैध खनन पर शिकंजा : दो मामलों में वसूला 7 लाख 81 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अवैध खनन के मामलों में पकड़े गए वाहन। फोटो : हरिभूमि

अवैध खनन के खिलाफ अलग-अलग स्तरों पर टीमें काम कर रही है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य प्रवर्तन मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनिज का परिवहन करते दो ट्रेक्टर-ट्रालियों को मौके पर काबू किया गया, जिसको टीम के द्वारा मुरथल थाना में लाकर सीज कर दिया गया है। जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली अशोक पुत्र सतपाल निवासी मेहंदीपुर एवं योगेश पुत्र जगदीश निवासी बख्तावरपुर का बताया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रालियों को जुर्माना भरने उपरांत ही छोड़ा जाएगा। अवैध खनन के अन्य केस में पूर्व में पकड़े गए दो ट्रैक्टर-ट्रालियों के मालिकों जिसमें दीपक पुत्र महावीर एवं मोहित पुत्र कर्मवीर निवासी गांव मेहंदीपुर से जुर्माना राशि 4 लाख 36 हजार रुपये एवं एक पोकलेन मशीन के मालिक विपिन पुत्र दुर्गादत्त निवासी गांव कालंवा जिला जींद से 3 लाख 45 हजार रुपये वसूलकर सरकारी खजाने में जमा करने बाद ही वाहनों को छोड़ा गया है। भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### गली में ईंट उतारने को लेकर झगड़ा, दो घायल

**खरखौदा।** मटिंडू रोड स्थित एक गली में रविवार रात करीब 9 बजे रास्ते पर ईंट उतारने को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। राजेश ने थाना खरखौदा में शिकायत दी है कि वह अपने घर पर था, तभी पड़ोसी हरीश, अनिल, संतोष और कविता गली में ईंटें उतार रहे थे। उसने उन्हें ईंटें बाहर सड़क किनारे उतारने की सलाह दी। इसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। राजेश का आरोप है कि हरीश अपने घर से लोहे का खोदना लाकर पीछे से उसके सिर पर वार करने लगा। शोर सुनकर राजेश के भतीजे राहुल और उमेश मौके पर पहुंचे, लेकिन उन पर भी ईंटें फेंकी गईं। इस हमले में उमेश के पैर में चोट आई है और ईंटें घर के अंदर तक आ गिरीं।

# विधायक ने जलघर का निरीक्षण किया खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** जलघर का निरीक्षण करते विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

विधायक देवेंद्र कादियान ने वीरवार को बादशाही रोड स्थित जलघर का निरीक्षण किया। विधायक ने जलघर के टैंक में पानी पहुंचने की प्रक्रिया देखी। सफाई व्यवस्था बनाए रखने और टैंक नियमित भरवाने के निर्देश दिए। जलघर परिसर में बनी पानी जांच लैब का भी निरीक्षण कर रिपोर्ट देखी। जो खामियां सामने आईं, उन्हें जल्द ठीक करने को कहा। इस दौरान यह भी सामने आया कि नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से टैंक में पानी कम बचा है। इस पर विधायक ने जनस्वास्थ्य विभाग और नहरी विभाग के उच्चाधिकारियों से फोन पर बात की। दोपहर बाद नहर में पानी छोड़ा गया। विधायक कादियान ने कहा कि अब जलघर में पानी की कमी नहीं होगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा, शहर के किसी भी इलाके में पानी की आपूर्ति बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जहां भी आपूर्ति में रुकावट हो, उसे तुरंत ठीक किया जाए।

#### बुस्टिंग स्टेशन बनेंगे

कादियान ने बताया कि जलघर में दो नए टैंक बनाए जा रहे हैं। इससे ज्यादा पानी स्टोर किया जा सकेगा। शहर में तीन नए बूस्टिंग स्टेशन और मिनी वाटर वर्क्स बनाए जाएंगे। 65 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाई जा रही हैं।

### फायर के मामले में आरोपित को बाल सुधार गृह भेजा

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की टीम ने फायर करके जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त अपचारी बालक को उसके परिजनों की मौजूदगी में पुलिस अभिरक्षा मे लिया है। पुलिस ने बालक को जुनाइल जस्टिस बोर्ड, सोनीपत के समक्ष पेश करके मधुबन बाल सुधार गृह भेज दिया। 15 अप्रैल की रात को गोहाना के आदर्श नगर निवासी अरुण पुत्र सुरेश के मकान के सामने हवाई फायर किया गया था। अरुण के अनुसार गोहाना के देवीपुरा निवासी चन्द्रमोहन व अपने साथियों के साथ मिलकर करीब एक साल पहले उसके साथ झगड़ा किया था। उसी झगड़े की रंजिशन चन्द्रमोहन व उसके साथियों ने हवाई फायर किया है। पुलिस ने इस घटना में रोहित उर्फ छतरी, प्रिंस व आदित्य व चंद्रमोहन निवासी देवीपुरा, गोहाना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अन्य की खोजबीन की जा रही है।

### सेहरी गांव के खेतों से ट्यूबवेल की मोटर चोरी

**खरखौदा।** सेहरी गांव के खेतों से चोर एक किसान की मोटर चुरा ले गए। किसान ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन जब मोटर का पता नहीं चला तो मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। किसान राजकुमार का कहना है कि उसके खेत निरथान गांव वाले रास्ते पर हैं। अपने खेत में उसने पांच हार्स पावर की मोटर लगाई गई थी, ताकि खेतों में फसलों की सिंचाई विधिवत रूप से होती रहे। लेकिन चोर खेतों से उसकी मोटर को चुरा ले गए।

# अभियान : खुलेआम शराब पीने वालों की अब खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सेक्टर-14 में गश्त करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीने वालों के खिलाफ सोनीपत पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत पुलिस लगातार गश्त करेगी और कोई भी व्यक्ति रेहड़ी, फास्ट फूड स्टॉल, चिकन शॉप या शराब ठेके के बाहर सड़क किनारे या अपनी गाड़ी में बैठकर शराब पीते हुए पकड़ा गया, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर की व्यस्त सेक्टर मार्केटों व अन्य प्रमुख बाजारों में पुलिस की विशेष टीमों ने शाम के समय से लेकर देर रात तक गश्त शुरू कर दी है। इस दौरान ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हैं। पुलिस टीम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से बचें। ऐसा करना कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना, गिरफ्तारी और चालान जैसी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस का यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और इसमें किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। खुले में शराब पीने वालों के साथ-साथ ऐसे दुकानदार व रेहड़ी संचालक भी कार्रवाई की जद में आएंगे, जो अपने आसपास शराब पीने को बढ़ावा दे रहे हैं या सुविधाएं दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे दुकानदार व रेहड़ी वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### नीट यूजी परीक्षा 4 को होगी, अधिकारियों ने तैयारी पूरी की

# छह केंद्र बनाए, सुरक्षा चाक चौबंद, जैमर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2025 का आयोजन 4 मई को देशभर में किया जाएगा। सोनीपत जिले में भी इस परीक्षा को सुचारू, नकल रहित और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 2437 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों की स्थापना, सुरक्षा प्रबंध और अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा एनटीए द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक सिस्टम और जैमर लगाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

#### दो चरणों में होगी सुरक्षा की जांच

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा जांच (फ्रिस्किंग) दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में स्थानीय पुलिस/होम गार्ड द्वारा प्रवेश द्वार पर जांच की जाएगी और दूसरे चरण में एनटीए द्वारा अधिकृत एजेंसी द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन व दस्तावेज जांच की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच केवल महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा बंद कैनोपी में की जाएगी।

#### केंद्रों पर ये वर्जित

अभ्यर्थियों परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, पर्स, कैलकुलेटर, स्टेशनेरी, धातु के आभूषण और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न लाएं। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित को अनुचित साधनों की श्रेणी में माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### इनकी अनुमति

अभ्यर्थी अपने साथ केवल एनटीए की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, एक वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट आदि) और पारदर्शी पानी की बोतल ही ला सकते हैं। इसके अलावा और कोई वस्तु ले जाने पर पाबंदी रहेगी।

#### गर्मी से बचाव के विशेष इंतजाम

गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी केंद्रों को विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें चैंकिंग के दौरान टेंट/छाया युक्त स्थान, पंखों की व्यवस्था, जलपान स्टेशनों की उपलब्धता और इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का प्रावधान, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, दिव्यांग/बीमार अभ्यर्थियों के लिए सहायता और सुरक्षा व्यवस्था आदि शामिल है। यातायात नियंत्रण, संकेतक व भीड़ प्रबंधन को लेकर भी पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। निर्देश दिए गए कि विशेष रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए सहायता व सुविधा सुनिश्चित की जाए। किसी भी परीक्षार्थी को परेशानी नहीं होने दी जाए। परीक्षा से पहले सभी तरह की तैयारियां पूरी होनी चाहिए। बैठक में नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी राजपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित सभी परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

# युवक की हत्या करने वाले को उम्रकैद, 15 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- गांव पुरखास धीरान का है मामला, खेत में पड़ा मिला था युवक का शव

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए आरोप सिद्ध होने पर दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। गांव पुरखास धीरान निवासी श्रवण ने 24 जुलाई, 2019 को गन्नौर थाना पुलिस को बताया था कि घटना के दिन उनका छोटा भाई अमित गुलिया (27) खेत में सिंचाई करने गए थे। जब भाई नहीं आया था तो वह उसकी तलाश में खेत में गए थे। तलाश करने के दौरान गांव के सरपंच यशपाल व अन्य ग्रामीण सरपंच के खेत में ट्यूबवेल के पास मिले थे। सरपंच को ग्रामीण सुरेंद्र ने उनके खेत के पास बाइक व निकट ही युवक पड़ा होने की सूचना दी थी। वह भी मौके पर पहुंच गए थे। सरपंच के खेत के पास ग्रामीण राजेंद्र के खेत में उनका भाई लहूलुहान पड़ा था। उन्होंने देखा तो उसे गोली लगी थी।

#### महिला से बात करने पर की गई थी हत्या

बाद में मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश की टीम ने आरोपी मोहित व उसके साथी को गिरफ्तार किया था। मोहित पर हत्या व साथी को उसे भागने में मदद करने का आरोप था। पुलिस पूछताछ में पता लगा था कि अमित गांव की महिला से बातचीत करता था। मोहित ने उसे रोका था। इसी रंजिश में उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद अब एएसजे नरेंद्र सिंह ने आरोपी मोहित को दोषी करार दिया। मोहित को हत्या व शस्त्र अधिनियम में उम्रकैद व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग
रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।

### लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश- हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।
**-संजय, रोहतक**

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, बेमेतरा**



**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।
**-सुमन, भोपाल**

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।
**-कुणाल, महासमुंद**

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा
समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता
डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर



अंकित, धमतरी

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

## खबर संक्षेप




### रितिका मिस यूनिक तो रवलीन बनी मिस ब्यूटी

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में पीजी की छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या गीता ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सोनिया और सह संयोजिका सीमा, मिमांशा रही। मिस यूनिक रितिका, मिस कैटवॉक पूनम, मिस ब्यूटी रवलीन, मिस पर्सनालिटी कीर्ति, मिस फेयरवेल इंदू को चुना गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. दिव्याश्री, डॉ. दिव्या प्रभा, डॉ. नेहा ने निभाई। सभी छात्राओं को कॉलेज प्राचार्या ने सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**खरखौदा।** ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के सौजन्य से वीरवार को लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र जांच व ऑपरेशन, न्यूरोथैरेपी, फिजियोथैरेपी, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं जनरल फिजिशियन जैसी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने शिविर का लाभ उठाया। खास बात यह रही कि हरियाणा ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि शिविर में कुल 166 मरीजों की आंखों की जांच की।

### श्रमिकों को खांसी की दवा व बिस्किट वितरित

**सोनीपत।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बाबा धाम के पीछे मुख्य एमआरएस केंद्र पर कूड़ा उठाने वाले 150 श्रमिकों को खांसी की दवाई व पारले जी के बिस्किट वितरित किए। सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया सोनीपत के प्रधान सुरेश वत्स ने वितरण कार्य का निरीक्षण किया। योग शिक्षक व सूर्य नमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मी नारायण ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए योग करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी योग करने की आदत डालें जिससे संपूर्ण परिवार स्वस्थ रहे। दिलबाग सिंह हिंदी प्रवक्ता ने सभी श्रमिकों को संदेश दिया कि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए जरूरी भेजें।

### सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया

**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक कर्मचारियों द्वारा दिए गए भाषणों से हुई, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव सांझा किए। अनेक प्रकार की गेम्स इस कार्यक्रम का प्रमुख बिंदु रही।

## आज ही के दिन शिव की जटाओं से प्रकट हुई थी मां गंगा

# वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है गंगा जयंती

### गंगा सप्तमी कल, बन रहे हैं पुण्यकारी योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू धर्म में मां गंगा को मोक्षदायिनी, पापनाशिनी और जीवनदायिनी माना गया है। गंगा सप्तमी, जिसे गंगा जयंती भी कहा जाता है, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से निकलकर पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इस दिन गंगा स्नान, दान और मंत्र जाप करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस वर्ष गंगा सप्तमी का पर्व 3 मई शनिवार को मनाया जाएगा। इस दिन त्रिपुष्कर योग, रवि योग और शिववास योग जैसे शुभ संयोग बनने से पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है। धर्मशास्त्रों में वर्णित है कि इन योगों में गंगा स्नान करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य प्राप्त होता है और पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।



आचार्य मनमोहन मिश्रा।

■ शुभ संयोग बनने से पर्व का महत्व और बढ़ा

#### क्या कहते हैं ज्योतिषाचार्य

गंगा सप्तमी पर बन रहे त्रिपुष्कर, रवि और शिववास योग इसे अत्यंत शुभ बना रहे हैं। पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र का संयोग गंगा पूजन को और भी पुण्यदायक बनाता है। इन योगों में किया गया गंगा स्नान, पितृदोष, रोग, दरिद्रता और मानसिक कष्टों से मुक्ति प्रदान करता है। श्रद्धालुओं को इस दिन स्नान के बाद तिल, वस्त्र, जलपात्र व दक्षिणा का दान अवश्य करना चाहिए। इससे देवता और पितर दोनों प्रसन्न होते हैं। - *आचार्य मनमोहन मिश्रा, ज्योतिषाचार्य।*

#### गंगा सप्तमी के विशेष संयोग

- *सप्तमी तिथि प्रारंभ: 3 मई को प्रात: 07:51 बजे*
- *सप्तमी तिथि समाप्त: 4 मई को प्रात: 07:18 बजे*
- *शुभ स्नान मुहूर्त: प्रात: 10:58 बजे से दोपहर 01:38 बजे तक*
- *ब्रह्म मुहूर्त: 04:13 एएम से 04:56 एएम*
- *अभिजीत मुहूर्त: 11:52 एएम से 12:45 पीएम*
- *विजय मुहूर्त: 02:31 पीएम से 03:25 पीएम*
- *अमृत काल: 10:13 एएम से 11:47 एएम*
- *त्रिपुष्कर योग: 07:51 एएम से 12:34 पीएम*

#### भगीरथ के तप से धरती पर आई थी गंगा

राजा भगीरथ के तप से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने गंगा को पृथ्वी पर भेजा, लेकिन उनके वेग को रोकने के लिए शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया। बाद में सप्तमी तिथि को गंगा उनकी जटाओं से निकलकर धरती पर पहुंचीं। इसलिए इस दिन को गंगा के अविर्भाव का पर्व माना जाता है।

#### गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालु निम्न मंत्रों का जाप करें

***गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।***

***नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन सन्निधिं कुरु***

***ॐ नमो गंगायै विश्वरूपिणी नारायणी नमो नमः।***



गोहाना। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

## संविधान आधारित प्रश्न मंच में चाणक्य सदन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में गुरुवार को बालसभा का आयोजन किया गया। बाल सभा के दौरान विद्यार्थियों के लिए संविधान आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में चाणक्य सदन प्रथम, दयानंद सदन द्वितीय, शिवाजी सदन तृतीय और विवेकानंद सदन चतुर्थ स्थान पर रहा। छात्राओं में स्वामी विवेकानंद प्रथम, चाणक्य सदन द्वितीय, शिवाजी सदन तृतीय और दयानंद सदन चतुर्थ स्थान पर रहा। कार्यक्रम के लिए संयोजन चाणक्य सदन का रहा। मंच संचालन आचार्य किरण, प्रियंका, रीना खासा एवं छात्र लवकुश व सहदेव ने किया।

### सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। सुधीर जैन ने कहा कि यह दिन उन मेहनतकश लोगों को समर्पित है जो हमारे समाज और देश के विकास में अपनी अमूल्य भूमिका निभाते हैं। इसका उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके योगदान को सम्मान देना और उन्हें कार्य करने के लिए बेहतर माहौल देना है।

# लेबर-डे पर सहायक कर्मियों को किया सम्मानित

■ किसी भी देश की नींव होते हैं श्रमिक : डॉ. सचिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना में गुरुवार को लेबर डे पर सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा ने की। समारो में विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि लेबर डे भारत और पूरी दुनिया में श्रमिकों के अधिकारों का प्रतीक दिन है। इस दिन का इतिहास संघर्ष का प्रतीक है। लेबर डे उन मेहनतकश लोगों को समर्पित है जो हमारे समाज और देश के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाते हैं। कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जब उसकी नींव मजबूत हो और यह नींव अपनी मेहनत से मजदूर तैयार करते हैं। सडक़ें बनाना, पुल बनाना, भवन निर्माण, खेतों में काम करना, फैक्ट्रियों में काम करना या फिर साफ-सफाई ये सभी काम मजदूर ही करते हैं और अपने देश को विकास की उंचाइयों पर पहुंचाने का काम करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य सूरत शर्मा, नरेंद्र , संजय , शिमला, संजय, सुभाष, रेखा, प्रेमनाथ, शर्मिला और उमा मौजूद रहे।




गोहाना। लेबर-डे पर सम्मानित किए गए सहायक कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

## राष्ट्रीय सेमिनार में अनुराधा और अलंकृता ने मारी बाजी

*भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका था विषय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा अनुराधा व अलंकृता ने राष्ट्रीय छात्र सेमिनार में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। सेमिनार के लिए नियुक्त जीवीएम की संयोजक प्राध्यापिका निहारिका ने बताया कि जीएमएन कालेज अंबाला कैंट के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्रो. वीरसेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संयोजन में राष्ट्रीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका रहा। इसमें जीवीएम की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनुराधा और बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अलंकृता त्यागी ने हिस्सा लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



सोनीपत। विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। विद्यालय में बच्चों के साथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### जरूरतमंद 250 बच्चों को वितरित की यूनिफॉर्म

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पुलिस लाइन सोनीपत के 250 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को नई यूनिफॉर्म (पैंट-कमीज) वितरित की गई। क्लब की ओर से सभी बच्चों के लिए एक जैसी यूनिफॉर्म सिलवाई गई, ताकि वे समानता के साथ आत्मविश्वास से विद्यालय आ सकें। इस अवसर पर क्लब की प्रधान नीतू दहिया ने कहा कि समान यूनिफॉर्म बच्चों में एकजुटता और आत्मगौरव की भावना को बढ़ावा देती है। साथ ही इससे शिक्षा के प्रति उनका रुझान भी बढ़ता है। क्लब की उपप्रधान उषा भंडारी, सचिव विभा कुमार, मंजू छीकारा, सुमन खन्ना, रेखा राणा, पुष्पा भूटानी, सीमा मक्कड़ सहित कई सदस्य व स्कूल स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जैविक खेती के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में गुरुवार को गांव बुटाना, कथूरा और छपरा में किसान कल्याण यज्ञ आयोजित किए गए। यज्ञ में ग्रामीणों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर किसानों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम संयोजक भारतीय किसान संघ के जिला महासचिव नीरज धनाना और सह संयोजक विकास थे। गांव बुटाना में यज्ञ कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन बुटाना बारहा के प्रधान राजेंद्र कुंडू, गांव कथूरा में नरवाल खाप के राष्ट्रीय प्रधान भलेराम नरवाल और गांव छपरा में जयकिशन छपरा का रहा। जयकिशन सर्व ब्राह्मण कल्याण मंच के अध्यक्ष हैं। उन्होंने किसानों को रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। वे बोले कि आज किसान एक दूसरे की देखादेखी में फसलों में आवश्यकता से अधिक रासायनिक खाद डाल रहे हैं जिससे भूमि का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। फसलों में अधिक रासायनिक खादों के उपयोग से पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। किसान रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक खेती को अपनाएं। कार्यक्रम में पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों की आत्मिक शांति कामना भी की गई।



यज्ञ में आहुतियां डालते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अभिनय गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अभिनय गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्राचार्या डॉ. सरोज की देखरेख में अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक शिक्षिका निधि मान ने किया। पूरे कार्यक्रम को तीन भागों में विभाजित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं, माध्यमिक वर्ग में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षिका सरिता जांगड़ा और अनुपम मान ने निभाई। एकल अभिनय में कनिष्ठ वर्ग में विंध्या सदन की छात्रा देवांशी, शिवालिक सदन से परिधि और हिमालय सदन से सजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। माध्यमिक वर्ग में शिवालिक सदन से नीलाक्षी, अरावली सदन से छात्रा प्रथम और विंध्या सदन की प्रियांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।



# बिजली निगम कर्मियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में महम मार्ग पर 132 केवी बिजली घर के प्रांगण में बिजली निगम कर्मचारियों का धरना गुरुवार को 15वें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को सीटू के राष्ट्रीय कमेटी नेता आनंद शर्मा, सीटू नेता नरेश खंडेलवाल, पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन कच्चे कर्मचारियों और आशा वर्कर्स ने धरने पर पहुंचकर बिजली कर्मचारियों को अपना समर्थन देकर एकजुटता के साथ लड़ाई लडऩे का आह्वान किया। बिजली निगम के जेई सुनील ने कुछ दिन पहले मुख्य बाजार में एक दुकानदार के यहां बिजली चोरी पकड़ी थी। उसके बाद उनका भाजपा नेता ने उनका यहां से तबादला करा दिया। इसके विरोध में संयुक्त एक्शन कमेटी के बैनर तले कर्मचारी विरोध करते हुए धरने पर बैठे हैं। धरने की अध्यक्षता अनिल देशवाल ने की और संचालन सुरेश यादव ने किया।



धरने पर बैठे हुए बिजली निगम के कर्मचारी।

# बीस मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

■ सरकारी नीतियों के खिलाफ मजदूर संगठनों ने मनाया मई दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर बुधवार को मई दिवस मनाया गया। आयोजन स्थल सेन चौक (हुड्डा पानी की टंकी) पर सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विभागों के पेंशनर, परियोजना कर्मी, सफाई कर्मचारी व अन्य संगठनों से जुड़े कर्मचारी एकत्र हुए। सभा की अध्यक्षता आशा वर्कर्स यूनियन की प्रधान छवि ने की, जबकि संचालन कर्मचारी नेता सिल्क राम मलिक ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव विजेंद्र चहल व जिला प्रधान देशराज नेन ने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियमित कर्मचारियों को बाहर कर रही है। महंगाई भत्ते में केवल 2% वृद्धि, कैशलेस मेडिकल सुविधा का न मिलना, नई भर्तियों पर रोक, 26,000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू न करना जैसी नीतियां कर्मचारियों में रोष बढ़ा रही हैं। सीटू नेता श्रद्धानंद सोलंकी ने कहा कि केंद्र सरकार श्रम कानूनों को कमजोर कर रही है, काम के घंटे बढ़ाकर 12 किए जा रहे है।




सोनीपत। बीस मई की हड़ताल का निमंत्रण देती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

## स्कूल में स्थापना और आभार दिवस का आयोजन

# विद्यार्थियों को जीवन में हर कार्य की अहमियत समझने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को स्थापना दिवस एवं आभार दिवस मनाया गया। 'एकम ऑडिटोरियम' में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा आयोजित साइक्लोथोन एवं वॉकथॉन से हुई, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा सहकर्मियों के सम्मान में एक विशेष बाल सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संगठन सूक्त से हुई। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें समूह गीत, विद्यालय गीत, कथक नृत्य और लघु नाटिका प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने सभी सहयोगी कर्मचारियों को आभार कार्ड भी भेंट किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा ने सभी सहयोगी स्टाफ को सम्मानित किया और विद्यार्थियों को जीवन में हर कार्य की अहमियत समझने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन हरिप्रकाश मंगला, वाइस चेयरमैन राकेश अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट अंजु मंगला और उप प्रधानाचार्या रिंपी वर्मा भी उपस्थित रहे।




सोनीपत। गेटवे स्कूल के कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी साथ में स्टाफ।

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कार्यक्रम

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत एवं जिला मजदूर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कांग्रेस भवन सोनीपत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सासंद धर्मपाल मलिक ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन को पूरी दुनिया मे मजदूरों के हकों की लड़ाई की जीत के लिए याद किया जाता रहेगा। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि मजदूर किसी भी राष्ट्र के विकास की धुरी है। बिना मजदूरों के किसी भी राष्ट्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ओमंकवार जांबाज ने मजदूरों के वर्तमान हालात पर प्रकाश डाला और उनमें सुधारों के लिए सुझाव दिए।

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने पहलगाम हमले में शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पेंशन बहाली संघर्ष समिति (पीबीएसएस) द्वारा बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च सामान्य बस अड्डा परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों देवीलाल चौक, मामा-भांजा चौक, गीताभवन, रेलवे रोड से होता हुआ सुभाष चौक तक गया। कि 1 मई को जंतर-मंतर पर आयोजित प्रस्तावित कार्यक्रम को भी देश की भावनाओं के सम्मान में रद्द कर दिया गया। देवराज बाल्यान ने सरकार से मांग की कि दोषियों को सख्त सजा दी जाए और अर्धसैनिक बलों के जवानों को पुरानी पेंशन व स्थायी भर्ती की सुविधा दी जाए ताकि उनका मनोबल बढ़े। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेन्द्र पाल, महिला विंग प्रभारी गीता राजपूत, मोनिका, राहुल, राजेश वशिष्ठ, अमरजीत, विरेन्द्र दहिया व मनोज भोला सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



**सूचना**

मैं, सुनीता पत्नी श्री नरेश निवासी आहुलाना, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र जतिन व पुत्रवधु रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### थैंक्स गिविंग डे के रूप में मनाया मजदूर दिवस

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 1 मई को मजदूर दिवस को थैंक्स गिविंग डे के रूप में मनाया गया। छात्रों ने भाषण, कविता व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहायक कर्मचारियों के योगदान को सराहा और उनका आभार भी जताया। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने सहयोग की भावना पर बल दिया। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल ने श्रमिकों को भेंट देकर सम्मानित किया और उनके समर्पण की सराहना की।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**सोनीपत।** बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सोनीपत में सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। एमडीडी के जिला संयोजक डॉ. सांगवान ने बताया कि सोनीपत जिले के 50 मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों व गिरजाघरों पर प्रचार बोर्ड लगवाए गए हैं। डॉ. सांगवान ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया।

### स्कूल में मनाया गया श्रमिक दिवस

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में आयोजित विशेष सभा में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने श्रमिकों के महत्व को रेखांकित करते हुए नुक्कड़ नाटक पेश किया। सम्मान के रूप में विद्यार्थियों द्वारा सहायक कर्मचारियों का आभार प्रकट किया गया तथा उन्हें सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाई गई। इन गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने स्कूल के सहायक कर्मचारियों, ड्राइवर व माली का धन्यवाद किया। स्कूल चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने छात्रों को उनकी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

### अब तक खरीदा 4 लाख मीट्रिक टन गेहूं

**सोनीपत।** जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। बुधवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 04 लाख 4 हजार 971 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिले की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 04 लाख 4 हजार 971 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 01 लाख 19 हजार 513 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 01 लाख 67 हजार 813, मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 86 हजार 6199 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदा की गई है।

## वार्ड-3 में किया विकास कार्यों का शुभारंभ

# हेम नगर और खन्ना कॉलोनी को मिलेगी सीवर ओवरफ्लो से निजात



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ मेयर एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

**परेशानी : सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण लोगों के घरों के आगे दूषित जल भराव हो रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

वीरवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 3 के हेम नगर, खन्ना कालोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र मदान और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि हेम नगर और खन्ना कॉलोनी में पुरानी सीवर लाइन के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले कई महीने से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते लोगों के घरों के आगे दूषित जल भराव हो रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा यह समस्या संज्ञान में लाई गई थी, इस समस्या के निवारण हेतु नई सीवरेज लाइन डालने का टेंडर जारी किया गया था। लेकिन बीच में मेयर उपचुनाव और आचार संहिता लगने के कारण टेंडर प्रक्रिया में विलंब हुआ था, लेकिन आज सीवरेज लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। आगामी दो से तीन सप्ताह में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, विजय अरोड़ा, राम किशन मदान, महावीर ख़रिबत, डॉ. नारंग, संजय अरोड़ा, अमन दुरेजा, सुशील कुमार, यश गंभीर हरनाम, एससी गुप्ता, रविंद्र शर्मा, भुवनेश सलूजा, विजय अरोड़ा, कुलदीप वत्स, हिमांशु पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

**2000 मीटर की सीवर लाइन बिछाई जाएगी**

वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में दोनों कालोनियों में लगभग 2000 मीटर की सीवर लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन के मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद हेम नगर और खन्ना कॉलोनी वासियों को दूषित जल भराव की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए।

# तनिष ने जीता कांस्य पदक

- राष्ट्रीय ड्रैगन नौका रेस में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर




**गन्नौर।** पदक विजेता छात्र तनिष को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन राकेश यादव।

खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल के होनहार छात्र तनिष ने 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन नौका रेस चैंपियनशिप के जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में हुआ था। तनिष की इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अब उसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप प्रधानाचार्या मंजू सहरावत, खेल प्रशिक्षक विशाल व अन्य शिक्षकों ने तनिष को बधाई दी। श्रपूजा पहल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने का प्रयास करना चाहिए।



## विश्व श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित किया

**गन्नौर।** रेणु विद्या मंदिर के आडिटोरियम में विश्व श्रमिक दिवस (लेबर डे) के साथ-साथ संस्थान की प्रेरणा दीदी रेणु गुप्ता का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन एवं संस्थापक नानक चंद गुप्ता ने विशेष रूप से भाग लेते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने रेणु गुप्ता के जन्मदिवस पर उनके समर्पण और सेवाभाव को याद किया तथा उनके द्वारा शुरू किए गए इस पुनीत कार्य की सराहना की। डॉ. रत्नेश सिंह (सहायक प्रोफेसर) ने विश्व श्रमिक दिवस पर अपने व्याख्यान में श्रमिकों के महत्व, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने भी संबोधित किया।



### बाल भवन स्कूल में कर्मियों को किया सम्मानित

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा पहली व दूसरी के छात्रों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को चाकलेट व स्वयं बनाए कार्ड भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने छात्रों के प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस पहल से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होगा।

# वार्ड 8 में चल रहे कार्यों का निरीक्षण

- निगम पार्षद एवं भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने वार्ड में विकास कार्यों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭राई



**राई।** निगम कमिशनर हर्षित कुमार विकास कार्यों का निरीक्षण करते साथ में निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई। *फोटो: हरिभूमि*

सोनीपत नगर निगम कमिशनर हर्षित कुमार ने नगरपालिका के वार्ड 8 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के निगम पार्षद पुनीत राई व निर्माण कार्य करवाने वाले ठेकेदार मौजूद रहे। निगम कमिशनर ने निर्माण कार्य करवा रही एजेंसी को आदेश दिए कि वे निर्माण कार्य करते समय गुणवता का ध्यान रखे। इसके अलावा तय सीमा के अंदर सुचारू रूप से कार्य करने के आदेश दिए ताकि बरसात के समय से पहले कार्य पूरा कर लिया जाए और आने वाले समय में आमजन को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर नगर निगम एक्शन विशाल गर्ग, सचिन राठी, राकेश कौशिक, राजेंद्र कौशिक, सौरभ त्यागी, प्रतीक त्यागी,भारत ढाका आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्टेडियम, अस्पताल, मंदिर की चारदीवारी का उद्घाटन

- गांवों का चहुंमुखी विकास शहर तर्ज पर करेंगे : कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭राई



**राई।** पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने खेवड़ा गांव को विकास की नई सौगात देते हुए, साथ में पार्टी के पदाधिकारीगण। *फोटो: हरिभूमि*

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने खेवड़ा गांव को विकास की नई सौगात देते हुए ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया। उन्होंने गांव में खेल स्टेडियम के सभागार सहित पशु अस्पताल व मंदिर की नव निर्मित चारदिवारी का उदघाटन किया।

उन्होंने कहा कि गांवों का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों के विकास को समर्पित विधायक कृष्णा गहलावत हलके के हर गांव के विकास को लेकर प्रयासरत है। गांवों के विकास के लिए ग्रामीणों की हर मांग को पूरा करवाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इस कड़ी में उन्होंने खेवड़ा गांव को विकास का तोहफा प्रदान किया है। उन्होंने खेवड़ा गांव के खेल स्टेडियम में बनवाये गये सभागार सहित पशु अस्पताल की चारदिवारी और बाबा रामलाल मंदिर की चार दिवारी के निर्माण को लोकार्पण किया।

लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने विकास के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत को फूलमालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच बहादुर,भाजपा युवा नेता जसपाल आंतिल, भाजपा के जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, नरेंद्र वर्मा,द अजय, सोविंद्र उर्फ ढ़िला, अशोक कौशिक, यज्ञदत्त शास्त्री, सुमित आंतिल, सूरजमल आंतिल और मोनू आंतिल आदि उपस्थित रहे।



**गन्नौर।** श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला गढ़ी केसरी में मजदूरों को चप्पलें भेंट करते नव 'योति व जीवीपी स्कूल के छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

## नव ज्योति व जीवीपी स्कूल ने मजदूरों को भेंट की चप्पलें

**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर व गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार गन्नौर ने संयुक्त रूप से लेबर डे मनाया। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला गढ़ी केसरी में मजदूरों को चप्पल पहनाकर सम्मानित किया व उनके साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शकुंतला कौशिक, संजीत कौशिक व राजेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। उन्होंने मजदूरों के महत्व व सम्मान पर प्रेरणादायक संदेश दिए।



## निधि रंगा के घर पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष यूपीएससी क्लीयर करने पर दी बधाई

**सोनीपत।** यूपीएससी परीक्षा में 578 वां रैंक हासिल करने वाली निधि रंगा के घर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा पहुंचें। जसबीर दोदवा ने निधि रंगा और उनके परिवार से मुलाकात करते हुए बेटी की कामयाबी पर बधाई दी। भाजपा नेता जसबीर दोदवा ने बताया कि भाजपा सरकार में नो पर्ची नो खर्ची की वजह से ही मेहनती और सच्चे हकदारों को सरकारी नौकरी मिल पा रही है। चाहे वो किसी भी तरह की सरकारी भर्ती हो हर जगह ईमानदारी से काम किया गया है। इस मौके पर बलराज, नरेंद्र मलिक, कृष्ण महारा साथी मौजूद रहे।

# स्कूल में श्रम की गरिमा बताई

- ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत




**सोनीपत।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थीगण, प्राचार्या एवं अन्य।

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मजदूर दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें हाउसकीपिंग, सुरक्षा, माली और रखरखाव कर्मचारियों सहित सहायक कर्मचारियों के अमूल्य योगदान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल किरण दलाल ने श्रम की गरिमा और कृतज्ञता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक भावपूर्ण भाषण दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हमारे स्कूल के छात्रों द्वारा मधुर गायन और भाषण थे। एक छात्र ने मजदूर दिवस का इतिहास साझा करते हुए साथियों से सभी श्रमिकों का सम्मान करने का आग्रह किया। सहायक कर्मचारियों ने स्कूल के समावेशी वातावरण को दर्शाते हुए धन्यवाद भाषणों में अपनी प्रशंसा व्यक्त की। उन्हें प्रशंसा के प्रतीक दिए गए, जिन्हें उन्होंने गर्व के साथ स्वीकार किया। समारोह का समापन निदेशक-अकादमिक श्री सी.एम. विज द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के प्रयासों को स्वीकार किया गया।



## रौनक स्कूल में श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रार्थना सभा, भाषण, प्रश्नोत्तरी, नृत्य-संगीत व लघु नाटिका के माध्यम से श्रमिकों के योगदान को सराहा गया। सभी श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

## विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# भौरा रसूलपुर में मदरसा व मस्जिद निर्माण का विरोध

- संगठनों ने बिना अनुमति निर्माण करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपते विहिप व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

गांव भौरा रसूलपुर में अवैध रूप से मदरसा व मस्जिद निर्माण के प्रयास का विश्व हिंदू परिषद ने विरोध किया है। परिषद के अलावा, धर्म प्रसार व समस्त सामाजिक संगठनों ने वीरवार को एसडीएम प्रवेश कादियान को जिला उपायुक्त व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण को तुरंत रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव के सरकारी स्कूल के पास एक जमीन पर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के मदरसा और मस्जिद बनाने की कोशिश की जा रही है। इससे गांव का माहौल बिगड़ने की आशंका जताई गई है। परिषद ने आरोप लगाया कि गांव में बाहरी लोगों व जमातों द्वारा इसमें आर्थिक मदद भी की जा रही है। इसके अलावा गांव में बाहरी लोगों को भी शरण दी जा रही है। इससे गांव की बेटियों के साथ छेड़छाड़ और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर निर्माण कार्य को बंद कराने और गांव में शांति बनाए रखने की मांग की है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर गोषि श्यामदास महाराज, योगेश कौशिक, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र, नरेश पाहुजा, भारत भूषण, कृष्ण जिंदल, नवीन, प्रदीप, अजय कुमार, प्रदीपत, मनदीप आदि मौजूद रहे।

### अपोलो स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विशेष अतिथि राजेश पांचाल की उपस्थिति में छात्रों ने नाटिका, कविता, भाषण, नृत्य व खेलों के माध्यम से श्रमिकों का सम्मान किया। सभी कर्मचारियों को उपहार व भोजन प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या अनीता यादव ने श्रमिकों के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को समान सम्मान देने का संदेश दिया।

PARAS® CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714